

NSW शिक्षा विभाग

# गणित दिमाग़ को प्रशिक्षित करती है

ऐसे मज़ेदार खेल, उपयोगी संसाधनों और रचनात्मक क्रियाओं के मिश्रण को एक्सप्लोर करें, जो आप अपने बच्चे के साथ कर सकते हैं।

NSW GOVERNMENT



# इस संसाधन के बारे में

गणित हर जगह मौजूद है! ऐसे मज़ेदार खेल, उपयोगी संसाधनों और रचनात्मक क्रियाओं के मिश्रण को एक्सप्लोर करें, जो आप अपने बच्चे के साथ कर सकते हैं।

**यहाँ स्कैन करें**

सभी उम्र के बच्चों के लिए ऑनलाइन मैथ्स गेम्स और क्रियाओं की जानकारी प्राप्त करने के लिए

**लिया गया समय:**
15 मिनट

**वर्ष:**
7-8, 9-10

**आवश्यक सामग्री:**
पेन और पेपर

# अपने समय का प्रबंधन कैसे करें

**हाई स्कूल नई ज़िम्मेदारियों का समय होता है - और उसमें समय का प्रबंधन भी शामिल है। अपने बच्चों के कार्य में शामिल होकर उन्हें अपने समय को व्यवस्थित करने में मदद करें - आप यह सीखने में उनकी सहायता कर सकते हैं कि वे काम और खेल दोनों में संतुलन कैसे बनाएँ।**

## चुनौती

अपने बच्चों की दिनभर की गतिविधियों को देखें, जिसमें होमवर्क या असाइनमेंट भी शामिल है, जो शायद उन्हें करना हो। समय को योजनाबद्ध करने में उनकी मदद करें ताकि वे अपने सभी काम कर सकें और साथ ही अपने लिए आराम करने, खेलने, दोस्तों से मिलने और परिवार के लिए समय निकाल सकें।

## करियर

समय का प्रबंधन किसी भी वातावरण में एक अत्यावश्यक कौशल है। जिन लोगों का समय प्रबंधन अच्छा होता है, वे अपने दैनिक कार्यों में अधिक कौशल हासिल करते हैं। प्रबंधन, निर्माण, परिवहन, लॉजिस्टिक्स और खेती, सभी ऐसे करियर हैं जिनमें समय को व्यवस्थित करने, बदलाव के अनुरूप खुद को ढालने और समस्या को हल करने के लिए एक कौशल की आवश्यकता होती है।

## बातचीत

जबतक वे अपने समय का नियोजन कर रहे हैं, आप उनसे निम्नलिखित पूछ सकते हैं:

- "क्या आप किसी कार्य को कम समय में या लम्बे समय में निपुणता से कर सकते हैं? क्या आप बेहतर काम करेंगे यदि आपका होमवर्क अन्य छोटे कार्यों या मज़ेदार टुकड़ों में बांट दिया जाए? यदि ऐसा है, तो क्या आप उस अनुसार अपना शेड्यूल बना सकते हैं?"
- "क्या आपने खेलने, आराम करने और लोगों के साथ समय बिताने के लिए पर्याप्त समय आवंटित किया है?"
- "आपको कैसे पता चलेगा कि आपका शेड्यूल आपके काम आ रहा है?"
- "हम आपके शेड्यूल में कैसे सुधार कर सकते हैं ताकि यह आपके लिए बेहतर काम करे?"



**लिया गया समय:**
5 से 15 मिनट

**वर्ष:**
3-4, 5-6

**आवश्यक सामग्री:**
पेंसिल, पेपर, A 0-9 डाइस (पासा) / स्पिनर

# थ्री टेंस इन ए रो

**थ्री टेंस इन ए रो एक मज़ेदार खेल है जो काफ़ी हद तक नॉट्स एंड क्रॉसेस की तरह है। इसका सेटअप नॉट्स एंड क्रोसेस के ग्रिड जैसा ही होता है।**

## कैसे खेलें


इस खेल का उद्देश्य प्रत्येक बॉक्स में 2 या उससे अधिक नंबर लिखना है, जिनका कुल योग 10 होना चाहिए।


आप एक पंक्ति में 3 दस लाने का प्रयास करते हैं, चाहे हॉरिज़ॉन्टली, वर्टिकली या डायगोनल रूप में।

सबसे पहले एक पंक्ति में 3 दस लाने वाला खिलाड़ी विजेता बनता है!

**स्टेप 1**

नॉट्स और क्रॉसेस गेम बोर्ड की तरह 3 गुणा 3 का एक ग्रिड बनाएँ






**स्टेप 2**

पहला खिलाड़ी डाइस फेंकता है और अपने पसंद के बॉक्स में उस नंबर को लिखता है। उदाहरण के लिए, यदि डाइस में 4 आ सकता है।

**स्टेप 3**

दूसरा खिलाड़ी डाइस फेंकता है। यदि डाइस में 6 आता है, तो वे 4 वाले बॉक्स में ही 6 लिख सकते हैं, ताकि वे 6 और 4 को जोड़ कर 10 बना सकें।

**स्टेप 4**

बॉक्स में 10 का योग हो जाने के बाद, कोई भी खिलाड़ी उस बॉक्स का उपयोग कर एक पंक्ति में 3 दस बना सकता है।

खिलाड़ी तब तक बारी-बारी से डाइस फेंकते रहते हैं, जब तक कि कोई खिलाड़ी एक पंक्ति में हॉरिज़ॉन्टली, वर्टिकली या डायगोनली 3 दस नहीं बना लेता।

!

**आसान सुझाव!**

यदि आपके पास 9 साइड वाला डाइस नहीं है, तो आप इसके बजाय स्पिनर इस्तेमाल कर सकते हैं। बस कागज़ के एक टुकड़े को 9 बराबर त्रिकोणों में विभाजित करें। फिर बीच में एक छेद कर पेंसिल डालें और स्पिनर के रूप में पेपरक्लिप इस्तेमाल करें।

**लिया गया समय:**
10 मिनट


**वर्ष:**
1 से 8

**आवश्यक सामग्री:**
2+खिलाड़ी, 2 डाइस, पेन और पेपर

# पिग (डाइस का खेल)

**यह डाइस वाला मज़ेदार खेल संभाव्यता (प्रोबबिलिटी) का पता लगाने और अपने बच्चे के आत्मविश्वास में बढ़ोत्तरी करने का एक शानदार तरीक़ा है। सतर्क रहें! यह खेल कई बड़ी पारिवारिक लड़ाइयों को जन्म दे सकता है।**

## कैसे खेलें



**स्टेप 1**

टारगेट नंबर सेट करें, उदाहरण के तौर पर 100। खेल का उद्देश्य इस नंबर तक पहुँचना है। आप बड़ा नंबर चुन सकते हैं, ताकि खिलाड़ी ज़्यादा राउंड खेल सकें।

**स्टेप 2**

खिलाड़ी प्रत्येक राउंड में बारी-बारी से जितनी बार चाहें, दो डाइस फेंक सकते हैं। खिलाड़ी रोल किए गए अंकों को जोड़ते हैं और जब तक वे रुकने का निर्णय नहीं लेते, तब तक अंकों को जोड़ते रहते हैं। जब खिलाड़ी रुकने का निर्णय लेता है, तो वह अपने स्कोर को रिकॉर्ड करके अपने कुल योग को जमा कर लेता है।

लेकिन सावधान रहें – यदि डाइस पर 1 गिर जाता है, तो आपकी बारी समाप्त हो जाती है और उस राउंड के लिए आपको शून्य मिलता है।

यदि डाइस पर डबल 1 गिरता है (इसे 'स्नेक आईज़' कहते हैं), तो आपकी बारी समाप्त हो जाती है और आपका पूरा जमा स्कोर शून्य हो जाता है!

**स्टेप 3**

खिलाड़ी अपने चुने हुए टारगेट नंबर तक सबसे पहले पहुँचने के लिए प्रत्येक राउंड के बाद अपनी बारी बदलते हैं, और इसका ट्रैक रखते हैं कि उन्होंने कितना स्कोर जमा किया है।

## बातचीत

यह खेल किस्मत पर निर्भर है। खेल के दौरान अपने बच्चे से निम्न के बारे में बात करें:

- "क्या आपको लगता है कि अगर मुझसे स्नेक आईज़ पड़ जाए, तो मेरा जमा किया हुआ सारा स्कोर शून्य हो जाएगा?"
- "मैं आशा करता हूँ कि आपसे 1 पड़ जाए। क्या आपको लगता है कि इसकी संभावना है?"
- "वे कौन से तरीक़े हैं जिनका इस्तेमाल आप अपने कुलयोग को बरक़रार रखने के लिए कर सकते हैं?"
- "100 तक पहुँचने के लिए आपको 14 पॉइंट और चाहिए! क्या आप अगली चाल में जीत सकते हैं? आपको अब किन अंकों की ज़रूरत है? क्या आपको लगता है कि आप उन अंकों को प्राप्त कर सकते हैं?"
- "यदि हम कल दोबारा यह खेल खेलें, तो आप क्या अलग करेंगे?"

**लिया गया समय:**
30 मिनट

**वर्ष:**
7-8, 9-10

**आवश्यक सामग्री:**
2 लोग, कैलकुलेटर, पेन और पेपर

# माइंड रीडिंग मैजिक

**आपके और आपके बच्चे के लिए कई मज़ेदार तरकीबें हैं जिनसे आप अपने परिवार और दोस्तों को चौंका सकते हैं। इसे अपने बच्चे के साथ आज़माएँ।**

## तरक़ीब कैसे काम करता है

**स्टेप 1** अपने बच्चे से कोई भी एक नंबर सोचने के लिए कहें।

**स्टेप 2** फिर उनसे उसे दुगुना करने के लिए कहें।

**स्टेप 3** अब 10 जोड़ें।

**स्टेप 4** उसे आधा कर दें।

**स्टेप 5** मूल नंबर निकाल लें।

**स्टेप 6** फिर उनसे कहें कि अब आप अपनी सभी अद्भुत जादुई शक्तियों का इस्तेमाल कर उनका दिमाग़ पढ़ने जा रहे हैं।

उनसे कहें कि वे जिस नंबर के बारे में सोच रहे हैं, वह है... 5!

## बातचीत

कई जादुई तरक़ीबों में गणित का प्रयोग होता है। इस तरक़ीब से अपने बच्चे को चौंकाने के बाद, कुछ अलग-अलग नंबरों से यह तरक़ीब अपने बच्चे से साथ करें, ताकि आप नंबर मैजिक के बारे में ज़्यादा जान सकें।

**लिया गया समय:**
10 मिनट

**वर्ष:**
3-4, 5-6

**आवश्यक सामग्री:**
ताश के पत्तों का 1x सेट (ऐस-10)

# गो फिश

**गो फिश एक मज़ेदार कार्ड का खेल है जो गिनती और नंबरों के बीच के रिश्ते को समझने में सहायता करता है**

## कैसे खेलें



### स्टेप 1

पत्तों को शफल करें।


प्रत्येक खिलाड़ी को 7 पत्ते मिलते हैं। शेष पत्तों के पाइल को टेबल के बीच में रखा जाता है। इसे फिशिंग पाइल कहते हैं।

### स्टेप 2

जब कोई खिलाड़ी और जोड़ी बनाने में सक्षम नहीं होता, तो वह अपने प्रतिद्वंदी से उस नंबर वाले पत्ते के लिए पूछता है, जिसकी उसे ज़रूरत है। उदाहरण के लिए, यदि उनके पास 8 है, तो वह अपने प्रतिद्वंदी से 9 के लिए पूछ सकते हैं।

### स्टेप 3

जोड़ियाँ बनाने के बाद खिलाड़ी उन्हें अपने सामने टेबल पर रख देते हैं।



### स्टेप 4

जब कोई खिलाड़ी और जोड़ी बनाने में सक्षम नहीं होता, तो वह अपने प्रतिद्वंदी से उस नंबर वाले पत्ते के लिए पूछता है, जिसकी उसे ज़रूरत है। उदाहरण के लिए, यदि उनके पास 8 है, तो वह अपने प्रतिद्वंदी से 9 के लिए पूछ सकते हैं।

खेल तब तक चलता रहता है जब तक कि किसी एक खिलाड़ी के हाथ में पत्ते खत्म नहीं हो जाते। वे विजेता हैं! खिलाड़ी उस स्थिति में भी जीत सकता है यदि वो खेल के अंत तक सबसे अधिक जोड़ियाँ बना लेता है।

एक खिलाड़ी दूसरे खिलाड़ी के प्रश्न द्वारा यह अनुमान लगा सकता हैं कि उसके पास कौन से पत्ते हैं। उदाहरण के लिए, यदि दूसरा खिलाड़ी उससे तीन मांगता है, तो इसका मतलब है कि उसके पास दो या चार (तीन से एक दूर) या फिर पांच या एक इक्का (तीन से दो दूर) हो सकता है।

खेल तब तक चलता रहता है जब तक कि किसी खिलाड़ी के हाथ में पत्ते खत्म नहीं हो जाते और टेबल पर केवल जोड़े रह जाते। वे विजेता हैं। खिलाड़ी उस स्थिति में भी जीत सकता है यदि वो खेल के अंत तक सबसे अधिक जोड़ियाँ बना लेता है।

**यह खेल सीधी और उल्टी गिनती के साथ-साथ गणितीय संबंधों की समझ विकसित करने में मदद करता है।**

**लिया गया समय:** 30 मिनट

**वर्ष:** 5 से 10

**आवश्यक सामग्री:** रुबिक्स क्यूब

# रुबिक्स क्यूब

**पहली बार में रुबिक्स क्यूब हल करना आसान नहीं है, पर इस पज़ल को पूरा करने के लिए एक बीजगणितीय सूत्र है जिससे आपका बच्चा इसे हल कर सकता है। उनकी सारी कोशिशों के बाद रुबिक की डाउनलोडेबल समाधान मार्गदर्शिका का उपयोग करें: www.rubiks.com/en-us/solve-it.**

## चुनौती

### भाग 1

अपने बच्चे को बिना किसी सहायता और रुबिक्स क्यूब हल करने की रणनीति समझाए बिना उसे हल करने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कैसा किया?

### भाग 2

उनकी सारी कोशिशों के बाद, Rubiks.com डाउनलोडेबल समाधान मार्गदर्शिका यह पता लगाने के लिए इस्तेमाल करें कि कैसे बीजगणितीय सूत्र आपको आपके बच्चे के साथ पज़ल हल करने में मदद कर सकते हैं।

यह गतिविधि आपके बच्चे या किशोर को यह जानने में मदद करेगी कि गणित पज़ल और समस्या समाधान से कितनी जुड़ी हुई है। इस मामले में, पज़ल हल करना भाग्य और संयोग का खेल नहीं है - यह गणित है!

## बातचीत

गतिविधि के भाग 1 के दौरान, अपने बच्चे से रुबिक्स क्यूब हल करने की उनकी रणनीति के बारे में पूछें। क्या उनके पास कोई रणनीति है? क्या वे एक बार में एक रंगीन भाग हल करने की कोशिश कर रहे हैं या एक से ज़्यादा? क्या उन्हें कोई पैटर्न नज़र आ रहा है? यदि आपका बच्चा इसे हल नहीं कर पाता, तो चिंता की कोई बात नहीं है, बल्कि उसे समस्या हल करने में इस्तेमाल किए जा रहे तर्क के बारे में सोचने को कहें।

गतिविधि के भाग 2 के दौरान, जब आप समाधान मार्गदर्शिकाएँ पढ़ लें और रुबिक्स क्यूब को हल कर लें, तो अपने बच्चे या किशोर से निम्न पूछें:

- "क्या आप क्यूब हल करने के लिए सीखी गई तकनीक से हैरान हैं?"
- "आपको क्यों लगता है कि यह दृष्टिकोण काम करता है?"
- "बिना किसी रणनीति के रुबिक्स क्यूब हल करना कितना कठिन होता?"
- "क्या आपको लगता है कि आप दूसरी रुबिक्स क्यूब हल करने के लिए उसी तकनीक का इस्तेमाल कर सकते हैं, जैसे कि 3 x 3 क्यूब या 2 x 2 क्यूब या 4 x 4 क्यूब?"

## करियर

अन्य समस्याओं की तरह रुबिक्स क्यूब हल करने के लिए भी दृढ़ता और धैर्य की आवश्यकता होती है। यदि आपका बच्चा उन दो गुणों में माहिर हो जाता है, तो वह किसी भी करियर, विशेष रूप से यांत्रिकी, प्रोग्रामिंग, कोडिंग, प्रबंधन और यहाँ तक कि नीति और राजनीति के लिए अच्छी तरह से सुसज्जित होगा।

# किंडी में गणित का आनंद लेने के लिए पाँच खेल

**खेल आपके बच्चे को किसी गणितज्ञ की तरह सोचने, संवाद करने और तर्क-वितर्क करने देने का एक मज़ेदार तरीक़ा है। साथ खेलने के लिए ये रहे पाँच गेम।**

## साँप और सीढ़ी

यह क्लासिक बोर्ड गेम आपके बच्चे की क्वॉन्टिफाईंग कलेक्शन, नंबर के काम करने के तरीके को जानने और स्थानिक कौशल विकसित करने के लिए आत्मविश्वास पैदा करने में मदद कर सकता है।

खिलाड़ी यह निर्धारित करने के लिए बारी-बारी से डाइस फेंकते हैं कि उन्हें कितने स्थानों से आगे बढ़ना है। यदि आप सांप पर लैंड करते हैं, तो आपको बोर्ड में नीचे भेज दिया जाएगा, जबकि सीढ़ी पर लैंड करते ही आप विजेता स्क्वायर के करीब पहुँच जाएँगे।

यदि आपके पास घर पर गेम की कमर्शियल कॉपी नहीं है, तो आप अपनी बना सकते हैं।

## टाइनी पोल्का डॉट

आप और आपका बच्चा रंगीन पत्तों के इस बहुमुखी सेट के साथ विभिन्न गेम खेल सकते हैं, यह 3 से 8 वर्ष के बच्चों के लिए है। टाइनी पोल्का डॉट खेलना आपके बच्चे की समझ विकसित करने में मदद कर सकता है कि नंबर कैसे काम करते हैं, साथ ही क्वॉन्टिफाई कलेक्शन और तर्क एवं संचार कौशल विकसित करने में भी उनकी मदद कर सकता है।

## गो फिश

यह कार्ड गेम ताश के पत्तों की मानक गड्डी के साथ खेला जा सकता है।

गो फिश आपके बच्चे को यह पता लगाने में मदद करता है कि नंबर कैसे काम करते हैं और साथ ही क्वॉन्टिफाइंग कलेक्शन और पैटर्निंग में कौशल विकसित करने में भी मदद करता है। यहाँ कुछ रणनीतिक सोच की भी ज़रूरत है, ताकि वे अपने प्रतिद्वंदियों को पछाड़ सकें! आप अन्य गणितीय विचारों का पता लगाने के लिए नियमों में फेरबदल कर चीज़ों को आज़मा सकते हैं।

## कनेक्ट 4

यह गेम टिक-टैक-टो या नॉट्स एंड क्रॉसेस के समान है और आपके बच्चे की क्वॉन्टिफाइंग कलेक्शन, रणनीतिक सोच और स्थिति को मापने में अपने कौशल का इस्तेमाल करने में मदद करेगा।

कनेक्ट 4 में दो खिलाड़ी, चार रंगीन डिस्क की एक पंक्ति को सबसे पहले बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं – चाहे वर्टिकली, होरीज़ोंटली या डायगोनली। यदि आपके पास गेम न हो, तो भी आप और आपका बच्चा इसे कागज़ पर खेल सकते हैं।

## UNO

UNO एक कार्ड गेम है, जो क्वॉन्टिफाईंग कलेक्शन, नंबर की कार्यप्रणाली और रणनीतिक सोच के बारे में आपके बच्चे का ज्ञान बढ़ाता है। यह एक से दस नंबर के रंगीन पत्तों के साथ खेला जाता है, जिसमें अतिरिक्त स्पेशल एक्शन कार्ड भी होते हैं।

खेल का लक्ष्य सबसे पहले पत्ते खत्म करना है। जब आपके पास एक पत्ता शेष बचा हो, तो आपको दूसरों से पहले UNO चिल्लाना होता है। यह क्लासिक, जूनियर और विशिष्ट प्रारूपों में आता है, UNO एक ऐसा खेल है जिसका पूरा परिवार आनंद ले सकता है!

# 1-2 साल के बच्चों के लिए गणित का आनंद उठाने के लिए पाँच गेम

**ये पाँच गेम आनंद उठाने और आपके बच्चे की गणितीय रूप से सोचने की क्षमता विकसित करने के शानदार तरीकें हैं।**

## ब्लोकुस

रणनीति का यह अवार्ड-विनिंग गेम आपके बच्चे के लिए अपने स्थानिक तर्क-वितर्क कौशल में सुधार करने और क्षेत्र और पोजीशन का पता लगाने का एक आनंददायक तरीक़ा है।

वे कैसे जीतते हैं? गेम के अंत में विजेता खिलाड़ी के पास बोर्ड पर सबसे ज़्यादा गोटियाँ होनी चाहिए। खिलाड़ी रंगीन टाईलों को बोर्ड पर रखकर अपनी चाल चलते हैं। टाइल का एक कोना एक-समान रंग के दूसरे टाईल के कोने से छूने वाला होना चाहिए, लेकिन उन्हें एक-दूसरे से चिपकाकर नहीं रखा जा सकता। अपने दिमाग़ का इस्तेमाल कर जीत हासिल करने के लिए शुभकामनाएँ!

## सेट


सेट एक कार्ड गेम है, जिसमें 81 अनोखे पत्तों वाली विशेष रूप से डिज़ाइन की गई गड्डी इस्तेमाल होता है। इस मानक गेम में टेबल पर 12 से अधिक पत्ते नहीं रखे जाते, जिसमें खिलाड़ी कुछ विशेषताओं वाले पत्तों के सेट ढूंढते हैं।

यह पैटर्निंग और संभाव्यता में कौशल विकसित करने का एक शानदार तरीका है, जैसे-जैसे गेम आगे बढ़ता है, सेट खोजने की संभावना बढ़ती जाती है।

## मनकैला

यह प्राचीन खेल आपके बच्चे को उनके समस्या-समाधान और तर्क-वितर्क कौशल पर काम करने का एक शानदार तरीका है, क्योंकि वे कलेक्शन की मात्रा को बढ़ाने और आपको परास्त करने का प्रयास करते हैं!

वैसे इस गेम के कई रूप हैं, लेकिन इसमें आमतौर पर दो खिलाड़ी शामिल होते हैं और गेम तब समाप्त होता है जब कोई खिलाड़ी अपने प्रतिद्वंद्वी की सभी गोटियों पर कब्ज़ा कर लेता है।



## चेकर्स

यह दो-खिलाड़ी वाला बोर्ड गेम क्लासिक है और आपके बच्चे के समस्या-समाधान और स्थानिक तर्क-वितर्क कौशल को बढ़ाने में मदद करता है। बोर्ड पर आगे बढ़ते हुए, खिलाड़ियों को अपने प्रतिद्वंद्वी को मात देने के लिए सावधानीपूर्वक निर्णय लेने होते हैं।


चेकरबोर्ड पर गेम की गोटियों को तिरछा और हमेशा आगे बढ़ाते हुए आपके बच्चे का लक्ष्य है, अन्य खिलाड़ियों की सभी गोटियों को बोर्ड से हटाना या उन्हें ऐसी जगह पर रखना जहाँ से वे चलने की स्थिति में न रहें। वे अन्य खिलाड़ियों की गोटियों को उनके ऊपर से “कूदकर” हटाते हैं। जीतने के लिए, उन्हें आगे की योजना बनाने में सक्षम होना चाहिए!



## जेंगा

जेंगा के खेल में आप और आपका बच्चा टॉवर से ब्लॉकों को सावधानीपूर्वक हटाते हैं और फिर उन्हें ध्यान से शीर्ष पर रखते हैं। जो व्यक्ति टॉवर गिरने का कारण बनता है, वह हार जाता है और गेम समाप्त हो जाता है।

जेंगा अपने आप में काफ़ी मज़ेदार है, लेकिन यह 3D ऑब्जेक्ट, द्रव्यमान, तुल्यता और बुनियादी इंजीनियरिंग अवधारणाओं जैसे कि संतुलन, भार और स्थिति से जुड़े विचारों का भी समर्थन करता है।



# 3-4 साल के बच्चों के लिए गणित के पाँच मज़ेदार गेम

**खेल आपके बच्चे को किसी गणितज्ञ की तरह सोचने, संवाद करने और तर्क-वितर्क करने देने का एक मज़ेदार तरीक़ा है। साथ खेलने के लिए ये रहे पाँच गेम।**

## शतरंज

शतरंज एक क्लासिक गेम है जो गणितीय कौशल और समझ को गहरा करने की क्षमता रखता है। खिलाड़ी एक बार में शतरंज की एक गोटी आगे बढ़ाते हैं, ऐसा तब तक चलता है, जब तक कि कोई खिलाड़ी अपने प्रतिद्वंद्वी के राजा को मात देने में सक्षम न हो जाए।

गणितीय तर्क-वितर्क और धैर्य के साथ समस्या-समाधान विकसित करने के लिए एक शानदार गेम, शतरंज आपके बच्चे की पोजीशन, कोण और संभाव्यता जैसी अवधारणाओं की समझ को बढ़ावा देता है।



## याहत्ज़ी

याहत्ज़ी आपके बच्चे के लिए क्वॉन्टिफाई कलेक्शन, नंबरों के काम करने के तरीक़े को समझने और ऑपरेशन इस्तेमाल करने के अपने कौशल को बेहतर बनाने का एक शानदार तरीक़ा है। कौशल और भाग्य, दोनों को मिलाने पर संभव है कि जीतने की संभाव्यता बढ़ जाए!

गेम का उद्देश्य उच्चतम स्कोर प्राप्त करना है। खिलाड़ी बारी-बारी से डाइस फेंकते हैं और अपना स्कोर बढ़ाने के लिए विशिष्ट मानदंडों को पूरा करते हैं। याहत्ज़ी रोल करने के लिए शुभकामनाएँ!

## द गेम ऑफ़ लाइफ़

क्या आपका बच्चा चाहता है कि काश वह बड़ा होता? यहाँ उनके पास मौका है ख़ुद को बड़ा महसूस कराने का - और कुछ गणित सीखने का - एक ट्रायल रन।

यह बोर्ड गेम मजदूरी कमाने; करों का भुगतान करने और ऋण का पता लगाने जैसे विचारों को एक्सप्लोर कर धन के साथ काम करने की हमारी समझ को बेहतर बनाता है। साथ ही यह ऑपरेशन और नंबरों की कार्यप्रणाली को समझने में मदद करता है।

## फिंसका


इस गेम में हम गणित का आनंद बाहर जाकर उठा सकते हैं। खिलाड़ी बारी-बारी से नंबरों के पिन वाले एक सेट पर लट्ठा - फिंसका फेंकते हैं। लॉन बाउल या बोलिंग के समान, गेम का उद्देश्य ठीक 50 अंक हासिल करना है।

फिंसका खेलने में ऑपरेशन के साथ काम करना, क्वॉन्टिफाई कलेक्शन, नंबरों के कार्य से जुड़े अपने ज्ञान का इस्तेमाल करना शामिल है। इसमें अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए गणितीय तर्क-वितर्क, समस्या-समाधान और स्थानिक जागरूकता की भी आवश्यकता होती है।

आप इस गेम का इस्तेमाल गतिऔर जोख़िम का पता लगाने के लिए कर सकते हैं, क्योंकि वे भी गणित पर आधारित हैं!

## सीक्वेंस

सीक्वेंस रणनीति का एक खेल है! आपके बच्चे की पोजीशन और संभाव्यता की समझ को समृद्ध बनाने के लिए, गेम का उद्देश्य लगातार पांच टोकन के 2 संग्रह बनाने वाला पहला खिलाड़ी बनना है। पोजीशन और संभाव्यता की खोज के अलावा, यह खेल गणितीय तर्क-वितर्क में समृद्ध है।



# 9-10 वर्ष की उम्र में सकारात्मक गणित मानसिकता निर्मित करने के लिए पाँच संसाधन

**सकारात्मक मानसिकता से आपके बच्चों के सीखने के सभी पहलुओं में परिणामों और समझ को बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है। लचीलापन, समस्या समाधान और परिप्रेक्ष्य के बारे में गहन ज्ञान वाले पाठ, प्रेरणा और वास्तविक जीवन की कहानियों से भरे हुए, ये संसाधन सीखने और गणित के प्रति सकारात्मक मानसिकता का समर्थन करना जारी रख सकते हैं।**

## साहसः जुनून और दृढ़ता की शक्ति

टेड टॉक्स द्वारा विकसित
वक्ता: एंजेला ली डकवर्थ

परामर्श के क्षेत्र में एक सफ़ल करियर को छोड़कर, एंजेला ली डकवर्थ ने 7 साल के बच्चों को गणित पढ़ाने का कार्य शुरू किया। उन्होंने जल्द ही महसूस किया कि छात्रों को गणित में सफ़ल होने के लिए केवल आईक्यू ही महत्वपूर्ण नहीं है। इस टेड टॉक में, एंजेला अपने "साहस" के सिद्धांत की व्याख्या करती हैं, जो आपको अपने बच्चों के साथ दृढ़ता और लचीलापन के महत्व के बारे में बात करने में मदद कर सकती है।

## गणित वह समझ है जो आप कभी नहीं जानते थे कि आप में है

टेड टॉक्स द्वारा विकसित
वक्ता: एडी वू

टेडxसिडनी के लिए इस चित्ताकर्षक और अंतर्दृष्टिपूर्ण वार्ता में, गणित के शिक्षक एडी वू ब्रह्मांड की बनावट में गुथी हुई गणितीय वास्तविकताओं की बातें करते हैं – बिजली की कड़क से नदी की डेल्टा से रक्त नलिकाओं तक। एडी कहते हैं कि हम सभी गणितज्ञ बनने के लिए पैदा हुए हैं - उनके आनंद और सीखने के जुनून को अपने और अपने बच्चे को दुनिया देखने के एक नए तरीक़े के रूप में गणित को स्वीकार करने के लिए प्रेरित करें।

## रिचर्ड ट्यूरेरेः मेरा आविष्कार, जिसने शेरों के साथ शांति स्थापित की

टेड टॉक्स द्वारा विकसित
वक्ता: रिचर्ड ट्यूरेरे

रिचर्ड ट्यूरेरे अपने परिवार के साथ जिस समुदाय में रहते हैं, वहाँ मवेशी उनके जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, लेकिन शेर के हमले पूरे परिवार और उनके भविष्य को खतरे में डाल सकते हैं। इस टेड टॉक्स में, आप जानेंगे कि कैसे रिचर्ड ने गणित का उपयोग कर सौर ऊर्जा-चालित एक समाधान का आविष्कार किया, जिसकी वजह से शेरों को डराकर दूर रखना संभव हुआ और वह अपने परिवार और उनकी जीविका को सुरक्षित रख पाएँ। इस कहानी का आनंद लें, जो बताती है कि कैसे गणित ने रिचर्ड और उनके समुदाय की मदद की, और आपके बच्चों को समस्या-समाधान और साहस की शक्ति से परिचित कराएँ।

## द जॉय ऑफ़ X: गणित की एक निर्देशित यात्रा, एक से अनंत तक

स्टीवन स्ट्रोगेट्ज़ द्वारा लिखित

क्या आपने कभी सोचा है कि गणितज्ञ गणित से प्यार क्यों करते हैं? इस पुस्तक के प्रत्येक अध्याय में स्ट्रोगेट्ज़ स्पष्टता और विनोदी तरीक़े से बताते हैं कि गणित क्यों उपयोगी, प्रेरक और प्यार करने योग्य है। यह पुस्तक आपके बच्चों को गणित और साहित्य, दर्शन शास्त्र, कानून, चिकित्सा, कला, व्यवसाय, यहाँ तक कि पॉप संस्कृति और वर्तमान इवेंट्स् के बीच संबंधों को देखने में मदद करती है। ये जानने योग्य कुछ विचार हैं!

## गणित में करियर

ऑस्ट्रेलियाई गणितीय द्वारा विकसित
विज्ञान संस्थान

हम जानते हैं कि सकारात्मक मानसिकता से परिणामों को बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है - इस संसाधन को अपने बच्चों को एक दीर्घकालिक गणितीय लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित करने दें। जीन मैपिंग से लेकर ज़ू कीपिंग, डांसिंग, नर्सिंग और बिल्डिंग में गणित की खोज करें... चाहे आप जंगलों की रक्षा कर रहे हों, आग से लड़ रहे हों या रोबोट का आविष्कार कर रहे हों। AMSI वेबसाइट पर ऐसी 25 से अधिक क्लिप हैं, जो विभिन्न प्रकार के करियर में गणित और STEM कौशल को रेखांकित करती हैं।



हम सभी आदिवासी लोगों की मातृभूमि का संज्ञान लेते और देश के प्रति सम्मान व्यक्त करते हैं।

## नमस्ते कहें


@NSWDepartmentofEducation
@NSWEducation
@NSWEducation
education.nsw.gov.au



© 2021 NSW Department of Education



GPO Box 33, Sydney NSW 2001,
Australia
Telephone 1300 679 332


NSW GOVERNMENT